# श्रावस्ती के युवाओं के लिए अवसरों का पिटारा

श्रावस्ती।(स्वरूप संवाददाता) जनपद में जिला प्रशासन, श्रावस्ती द्वारा कटरा श्रावस्ती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद के युवाओं, नव प्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों एवं इच्छुक उद्यमियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय,, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में भारत सरकार एवं विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। जनपद श्रावस्ती में बड़े उद्योगों के अपेक्षाकृत अभाव के कारण रोजगार एवं आर्थिक अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में ञ्श्वछ्वस्र जैसी पहल युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित करेंगी। स्थानीय स्तर पर उद्योगों एवं स्टार्टअप्स की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, पलायन में कमी आएगी तथा स्थानीय उत्पादों एवं पारंपरिक कौशल को नई पहचान प्राप्त होगी।